भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 542**
06 फरवरी, 2025 को उत्तर देने के लिए

## पीएमकेएसवाई के अंतर्गत परियोजनाएं

**542. श्री मुरसोली एस.:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार का विचार तमिलनाडु के तंजावुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत किन्हीं परियोजनाओं को कार्यान्वित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

**(ख)** यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क) और (ख)**: खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ( एमओएफपीआई ) एक केंद्रीय क्षेत्र की अम्ब्रेला योजना प्रधानमंत्री खाद्य किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) को कार्यान्वित कर रहा है। मंत्रालय पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत तंजावुर सहित देश भर में खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं और संबंधित अवसंरचना की स्थापना, खाद्य परीक्षण अवसंरचना की स्थापना और खाद्य प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ये योजनाएँ क्षेत्र या राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विशेष की नहीं हैं, बल्कि मांग आधारित हैं और पूरे देश में लागू की जाती हैं। पीएमकेएसवाई के अंतर्गत संबंधित उप-योजना के वर्तमान योजना दिशानिर्देशों के अनुसार निधियों की उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति जारी करके पात्र संस्थाओं से आवेदन /प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं । प्राप्त प्रस्तावों की उनकी पात्रता के लिए जाँच की जाती है और वर्तमान योजना दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित मानदंडों के आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाता है। निधियों की उपलब्धता के आधार पर पात्र प्रस्तावों को योग्यता आधारित अनुमोदन दिया जाता है। वर्ष 2017 में पीएमकेएसवाई के शुभारंभ के बाद से तमिलनाडु के तंजावुर जिले में 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है । वर्ष 2017 में पीएमकेएसवाई के शुभारंभ के बाद से पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत, तमिलनाडु के तंजावुर जिले में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 06.02.2025 को उत्तर हेतु "पीएमकेएसवाई के अंतर्गत परियोजनाएं" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 542 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| **वर्ष 2016-17 से तंजावुर में पीएमकेएसवाई की खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (एफटीएल) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **प्रस्ताव का नाम** | **जिला** | **अनुमोदन का दिनांक** | **परियोजना लागत (लाख रुपये में)** | **अनुमोदित अनुदान (लाख रुपये नेंमें)** | **आज तक जारी कुल राशि(लाख रुपये में)** | **स्थिति** |
| 1. | खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता परीक्षण विभाग, आईआईएफपीटी, तंजावुर | तंजावुर | 10/23/2017 | 555.87 | 526.42 | 526.41609 | पूर्ण |
| 2. | भारतीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान (जीएमओ) | तंजावुर | 9/2/2019 | 145.84 | 114.70 | 43.586 | चल रहे |
| **वर्ष 2016-17 से तंजावुर में पीएमकेएसवाई की अनुसंधान एवं विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण** | | | | | | | |
| **क्र. सं.** | **संस्थान और परियोजनाओं का नाम** | **जिला** | **अनुमोदन का दिनांक** | **परियोजना लागत ( करोड़ रुपए में)** | **अनुमोदित अनुदान सहायता (करोड़ रुपए में)** | **जारी अनुदान सहायता की राशि (करोड़ रुपये में)** | **स्थिति** |
| **3** | राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर , तमिलनाडु। "खाद्य प्रसंस्करण अनुप्रयोगों में छोटे प्याज से प्राप्त जैव-अपशिष्ट का प्रभावी उपयोग" | तंजावुर | 02.05.2018 | 0.34 | 0.34 | 0.33 | परियोजना पूर्ण |
| 4 | राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर , तमिलनाडु। छिलका, बीजचोल, , नारियल पानी को लगातार हटाने और नारियल के गूदे को काटने के लिए एकीकृत नारियल प्रसंस्करण इकाई " | तंजावुर | 02.05.2018 | 0.52 | 0.52 | 0.47 | परियोजना पूर्ण |
| **5** | राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर , तमिलनाडु। | तंजावुर | 08.05.2018 | 0.55 | 0.55 | 0.50 | परियोजना पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | “3-डी प्रिंटेड खाद्य पदार्थ: भारत में कुपोषण को दूर करने के लिए व्यक्तिगत पोषण” | | | | | | |
| **6** | राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर , तमिलनाडु। “फलों और सब्जियों के लिए रोगाणुरोधी एजेंट के साथ सक्रिय कुशल पैकेजिंग प्रणाली का विकास ” | तंजावुर | 17.12.2018 | 0.53 | 0.53 | 0.46 | परियोजना पूर्ण |
| **7** | राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर , तमिलनाडु “भावी पीढ़ियों की पोषण सुरक्षा और मिलेट किसानों की आजीविका में सुधार के लिए विविध मिलेट उत्पादों का विकास” | तंजावुर | 19.12.2018 | 0.47 | 0.47 | 0.40 | परियोजना पूर्ण |
| **8** | राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर , तमिलनाडु “ खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्रच्छन्न भूख की कमी से निपटने के लिए गैर-डेयरी सिंबायोटिक खाद्य का विकास।” | तंजावुर | 19.12.2018 | 0.30 | 0.30 | 0.25 | परियोजना पूर्ण |
| **9** | राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी , उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर , तमिलनाडु “नारियल रस (नीरा) शर्करा क्रिस्टल और कणिकाओं के उत्पादन के लिए प्रक्रिया का विकास” | तंजावुर | 16.10.2019 | 0.45 | 0.45 | 0.40 | परियोजना पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **10** | राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर , तमिलनाडु<br>“अनानास फल अपशिष्ट (प्रसंस्करण उपोत्पाद) ; मिलेट आधारित प्रोबायोटिक किण्वित उत्पादों के विकास में लक्षण वर्णन और इसका उपयोग” | तंजावुर | 18.05.2020 | 0.28 | 0.28 | 0.26 | परियोजना पूर्ण |
| **11** | राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर , तमिलनाडु<br>सुखाने की प्रक्रिया के दौरान चयनित फलों (आम, संतरा, अनानास, केला और अंगूर) और सब्जियों (प्याज, गाजर, लहसुन, पुदीना और अदरक ) से जैव सक्रिय घटकों के दोहन के लिए एक प्रणाली का डिजाइन और विकास ।” | तंजावुर | 19.05.2020 | 0.33 | 0.33 | 0.27 | परियोजना पूर्ण |
| **12** | राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर , तमिलनाडु<br>पारंपरिक धान की किस्मों को भिगोने और उबालने तथा चोकर को स्थिर करने के लिए निरंतर ओमिक तापन प्रणाली का डिजाइन और विकास” | तंजावुर | 11.03.2021 | 0.30 | 0.30 | 0.23 | परियोजना पूर्ण |
| **13** | राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, तंजावुर , तमिलनाडु<br>“पायलट पैमाने पर तरल खाद्य पदार्थों का अल्ट्रासाउंड प्रसंस्करण: व्यवहार्यता और प्रभावकारिता” | तंजावुर | 11.03.2021 | 0.30 | 0.30 | 0.26 | परियोजना पूर्ण |

*****